# स्वाट टीम ने दबोचा टप्पेबाज, पौने सात लाख रुपये बरामद

**-बीती 28 सितंबर को कल्याणपुर थाना क्षेत्र में हुई थी घटना**
**-कील मारकर गाड़ी को अभियुक्त ने किया था पंचर**
**-13 लाख 25 हजार रुपये कार से चुराकर भागे थे अभियुक्त**
**-दक्षिण दिल्ली के अम्बेडकर नगर से किया गिरफ्तार**

कानपुर। थाना कल्यानपुर क्षेत्र में बीती 28 सितंबर को एलडीको के सामने अज्ञात व्यक्तियो द्वारा क्वीड गाडी से 13 लाख 25 हजार रुपये चुरा लिए थे। जिसके वादी मो0 रिजवान खान पुत्र हाजी खलील खाँ नि0- एच 194 सत्यम विहार आ0वि0 कल्यानपुर ने थाने आकर लिखित तहरीर दी।

वादी द्वारा बताया गया कि वह अपनी क्वीड गाडी से रुरा जा रहे थे गाडी में 13 लाख 25 हजार रुपये बैग में रखे हुए थे तथा रुरा जाते हुए रास्ते में गाडी के पिछले एक ही पहिए में दो बार कील मारकर पन्चर कर दिया था। उपरोक्त घटना के संबंध में श्रीमान डीसीपी वेस्ट बीबीजीटीएस मूर्ति ने स्वाट टीम का गठन किया।

स्वाट टीम पर ई ब्लाक गांव मदनगीर थाना अम्बेडकर नगर दक्षिण दिल्ली से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किए गए व्यक्ति ने अपना नाम चन्दरु पुत्र आरमोगन नि0-ई-1/104 मदनगीर थाना अम्बेडकर नगर दक्षिण दिल्ली उम्र करीब 20 वर्ष बताया जिसके पास से 6 लाख 82 हजार रुपये बरामद हुए है।

## अपराध करने का तरीका

अभियुक्त द्वारा बताया गया कि हम लोग 6-7 की टोली मे निकलते है तथा हमारा मुखिया किशन रैकी करता है तथा हम सभी लोग उसके बताए हुए पर अमल करते है तथा आकाश व पवन गाडी मे कील मारकर पन्चर कर देते है तथा मैं व सोनू आँख बचने पर माल को पार कर देते कर है अगर जरुरत होती है तो रोबिन व संजय लोगो को बातो में उलझाकर बातो में भ्रमित कर देते है और हम अपने मनसुबे में कामयाब हो जाते है।

## अपराधिक इतिहास

1. मु0अ0सं0 802/21 धारा 379/411 आईपीसी

## बरामद माल

1. 6 लाख 82 हजार रुपये

## गिरफ्तार करने वाली टीम

उ0नि0 देवीशरण सिंह , थाना कल्यानपुर कानपुर नगर पुलिस कमिश्नरेट।
उ0नि0राम मोहन , थाना कर्नलगंज कानपुर नगर पुलिस कमिश्नरेट।
का0 परशुराम , सर्विलान्स सेल, डीसीपी पश्चिम कार्यालय
का0 हरिओम , सर्विलान्स सैल, डीसीपी पश्चिम कार्यालय
का0नरेन्द्र पाल , थाना कल्यानपुर कानपुर नगर पुलिस कमिश्नरेट।

घटना की जांच के लिए गठित स्वाट टीम ने खुलासा किया है, साथ ही नागरिकों से अपील है कि जब भी वो बड़ी रकम लेकर निकलें तो ऐसे लोगों से सावधान रहें जो आपका ध्यान भटका कर वारदात करते हैं।

बीबीजीटीएस मूर्ति
पुलिस उपायुक्त पश्चिम/यातायात।